प्रदेश में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0 की कुल 11097 नहरें है, जिसमें 1455 रजबाहे हैं।

प्रत्येक जनपद में नहरों के संचालन हेतु खण्डवार नहर संचालन का रोस्टर स्वीकृत किया जाता है, जिसके अनुसार नहरों का संचालन किया जाता है। उक्तानुसार नहरों के संचालन की सूचना प्रतिदिन परिवर्तनीय है। दिनांक 23.05.2022 को गंगा संगठन में 01, यमुना संगठन में 04, रामगंगा में 02, पूर्वी गंगा में 02 बेतवा संगठन में 03, शारदा संगठन में 01, शारदा सहायक में 01, गण्डक संगठन में 02 एवं सरयू-द्वितीय में 02 प्रमुख नहर प्रणालियां संचालित हैं।

विधान सभा क्षेत्र जहानाबाद, फतेहपुर के ग्राम धरमपुर से निकलने वाले राजबाहे (घाटमपुर राजबहा) रोस्टर के अनुसार दिनांक 16.03.2022 से 26.04.2022 तक बंद था।

ग्राम धरमपुर से गुजरने वाले राजबाहे (घाटमपुर राजबाहे) को तालाब भरने के लिए दिनांक 27.04.2022 से संचालित कर दिया गया है तथा वर्तमान में उक्त राजबाहे में पानी संचालित है।

प्रश्न नहीं उठता।

**स्वतंत्र देव सिंह**

**मंत्री,**

**जल शक्ति विभाग,**

**उत्तर प्रदेश।**